दिनांक 17.05.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के □ांचवे चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता □ार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में चुनावी सभा कर रहे हैं । केन्द्रीय गृह मंत्री और भाज□ा के वरिष्ठ नेता अमित शाह आज उत्तरप्रदेश, ओडिसा और झारखंड में चुनावी रैली कर रहे हैं । कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी □ार्टी प्रमुख अखिलेश यादव रायबरेली और अमेठी में चुनावी रैली कर रहे हैं ।

उधर,सातवें चरण और अंतिम चरण के लिए नाम वा□स लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों □र मतदान होगा। मतदान □हली जून को होगा।

चुनाव आयोग प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग दुनिया के लिए एक अनूठी मिसाल है। दिल्ली में एक मीडिया हाउस को दिए साक्षात्कार में श्री मोदी ने इस बात □र जोर दिया कि विश्व के सामने अ□ना अनुकरणीय काम दिखाना उनकी सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनावों को केवल हार या जीत के रू□ में □रिभाषित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव किसी □ार्टी के संदेश को बिना किसी छेड़छाड़ या भटकाव के सीधे लोगों तक □हुंचाने का अवसर प्रदान करते हैं।

विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस

आज विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस है। इंटरनेट तथा अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के उ□योग करने की संभावनाओं के प्रति जागरुकता बढाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। देश आज डिजिटल क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रू□ में उभरने और अ□ने नागरिकों को सशक्तश बनाने की महत्व □ूर्ण डिजिटल यात्रा का उत्सव मना रहा है। आज भारत 4जी तकनीक में छह लाख से अधिक गांवों और 5जी के स्टेशन ट्रांसीवर में लगभग चार लाख 42 हजार लोगों सहित 99 प्रतिशत लोगों की □हुंच इस तकनीक तक बना चुका है।

महिला मुक्केबाजी

महिला मुक्केबाजी में, मौजूदा विश्व चैं□यन निकहत ज़रीन ने कजाखिस्तान के अस्ताना में एलोर्डा क□ 2024 में महिलाओं के 52 किग्रा फाइनल में प्रवेश करने के लिए कजाखिस्तान की टोमिरिस मिरज़ाकुल □र 5-0 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। निखत के अलावा 48 किग्रा वर्ग में मीनाक्षी, 50 किग्रा वर्ग में अनामिका और 60 किग्रा वर्ग में मनीषा ने भी फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल मुकाबला कल होगा।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में □छले एक हफ्ते से जारी आंधी, बारिश और ओले गिरने का सिस्टम अब कमजोर □ड़ गया है। गर्मी ने एक बार फिर अ□ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया। कल कुछ जिलों में ही मौसम बदला रहा। बाकी में तेज गर्मी रही। ग्वालियर सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां ता□मान 43 दशमलव 7 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि 11 शहरों में 42 डिग्री के □ार रहा। आज भी प्रदेश के आधे हिस्से में तेज गर्मी है । जबकि आधे में बारिश और आंधी का असर रह सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि □श्चिमी विक्षोभ के कारण छिंदवाड़ा, खंडवा समेत 12 जिलों में हल्की बारिश और आंधी की संभावना है। शिव□ुरी में दिन में हालत यह है कि बाजारों में सन्नाटा □सरा है। मुख्य मार्गों □र भी लोगों की कम आवाजाही देखी जा रही है।

ड्रोन छिडकाव-जबल□ुर

कृषि में ड्रोन तकनीकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कल □ाटन विकासखण्ड के ग्राम उड़ना सड़क में ड्रोन से कीटनाशक दवा के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर □र किसानों को बताया गया कि ड्रोन से एक एकड़ फसल □र लगभग 8 से 10 मिनट में तरल उर्वरक एवं कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकता है। इससे जहाँ समय की बचत होती है, वहीं फसलों □र एक समान छिड़काव होने से कीटनाशक और उर्वरक की मात्रा भी कम लगती है।

अब कुछ समाचार संक्षे□ में...

1. खंडवा में निमाड़ के निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज का 505वां जन्मोत्सव समाधि स्थल □र आज भक्ति भाव से मनाया जा रहा हैं। सुबह से धार्मिक आयोजन शुरू हो गये हैं, जो शाम तक चलेंगे।

2. आगर मालवा में कल □टवारी प्रशिक्षण में प्रशिक्षु □टवारियों को □र्सनल फाइनेंस के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया ।

3. गुना में कच्ची शराब के अवैध □रिवहन के मामले में तीन दो□हिया वाहनों को राजसात करने के आदेश जारी किए गये हैं।

4. बैतूल में चिचोली मार्ग □र स्थित हिवरखेड़ी में एक युवक की तालाब में नहाते समय डूबने से मृत्यु हो गई।